ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 346

जयपुर में सट्टा खिलाने वालों के पास करोड़ों की लग्जरी-गाड़ियां:कार का नंबर भी 0007; अमेरिका, UAE और इंडोनेशिया के नोट मिले



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में सट्टा खिलाकर साइबर फ्रॉड करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के पास से पुलिस को एक डिफेंडर गाड़ी, वोल्वो कार और स्कॉर्पियो मिली है। इनकी कीमत करोड़ों में है। इन कारों के नंबर भी वीवीआईपी 0007 और 7777 हैं। दोनों महादेव सट्टा लाइन से जुड़े कर लोगों के साथ ठगी का काम किया करते थे।

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया- एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को सूचना मिली थी की नारायण विहार इलाके में एक फ्लैट पर ऑनलाइन सट्टे का काम चल रहा हैं। इस पर टीम ने फ्लैट पर दबिश दी। रेड के दौरान गेमिंग की आड़ में ऑनलाइन साइबर फ्रॉड करने वाले दो सटोरिए पुलिस टीम को मिले। यहां रॉबिन और रवि को गिरफ्तार कर मानसरोवर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

इन दोनों युवकों के पास से पुलिस को 10 मोबाइल फोन, दर्जनों सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, 13 लाख रुपए विदेशी करेंसी (यूएस, यूएई एवं इंडोनेशिया), डेढ़ लाख रुपए की भारतीय करेंसी व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले। इस पर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया।

लग्जरी गाड़ियां मिलीं

पुलिस को इन बदमाशों के पास डिफेंडर, वोल्वो और स्कॉर्पियो कार जैसी चार लग्जरी गाड़ियां मिली। पूछताछ में सामने आया है कि ये लोग महादेव (एमडी) सट्टा लाइन से जुड़े लोगों के साथ ठगी का काम किया करते थे। बदमाशों को मोबाइल में राजवीर नाम से सट्टे की लाइन एक्टिव मिली है। पुलिस राजवीर को सर्च कर रही है।

आरोपियों के पास 10 नोट 100 यूएस डॉलर के, इंडोनेशियाई मुद्रा के 1 लाख के 8 नोट, 5000 के 7 नोट, 2000 का 1 नोट, युनाईटेड अरब अमीरात मुद्रा के 1000 के 4 नोट, 100 का एक नोट, 5 के 20 नोट, 50 के 6 नोट, 10 के 26 नोट एवं 20 के 4 नोट मिले।


गेमिंग के जरिए चला रहे थे साइबर फ्रॉड से जुड़ा ऑनलाइन सट्टा कारोबार

टीम को सट्टे की कार्रवाई के दौरान जो जानकारी मिली उस पर टीमें काम कर रही हैं। पुलिस टीम को आशंका है कि ये लोग कई आईडी से लोगों के साथ गेमिंग के नाम पर सट्टे का खेल कर उनके साथ ठगी कर रहे हैं। गिरफ्तार बदमाशों के बैंक खातों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। ये लोग इस सट्टे के खेल से कितना पैसा बना चुके हैं। इसकी भी जांच की जा रही है।

70 से अधिक ऑनलाइन गेम्स पर लगती है रकम

यह सब काम ऑनलाइन और प्रतिदिन होता है, जिसका हिसाब ऑनलाइन ही रहता है। इस सम्पूर्ण काम का रिकार्ड महेश पुनिया के पास है। ऑनलाइन 20-20 तीनपत्ती आईसी, बॉलीवुड कसीनो, मिनी सुपर ओवर, गॉल, लकी 15, गोल्डन रौलेट, 32 कार्ड्स, वन कार्ड वन डे सहित कुल 70 प्रकार के ऑनलाइन गेम खिलवाते है।

कौन हैं ये चीन के Ghost Hackers, इसको लेकर FBI भी हुआ चिंतित



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अब चीन के एक नए रैनसमवेयर हैकर समूह घोस्ट के बारे में चेतावनी दी है. एफबीआई ने साइबरसिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंसी (सीआईएसए) के साथ एक सुरक्षा सलाह में लिखा है कि घोस्ट 2021 से 70 से अधिक देशों में संगठनों पर अंधाधुंध हमला कर रहा है. चेतावनी में यह भी कहा गया है कि घोस्ट अब दुनिया के टॉप रैनसमवेयर समूहों में से एक है. रैनसमवेयर एक प्रकार के मैलवेयर को रेफरेंस करता है जो हैकर्स को पीड़ित के डेटा को तब तक एन्क्रिप्ट करने देता है जब तक कि वे फिरौती का भुगतान नहीं कर देते. कभी-कभी, ये पीड़ित कंपनियां या सरकारी एजेंसियां भी हो सकती हैं. एडवाइजरी में लिखा गया है कि चीन में स्थित घोस्ट एक्टर्स वित्तीय लाभ के लिए इन व्यापक हमलों को अंजाम देते हैं. प्रभावित पीड़ितों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा, स्कूल और विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य सेवा, सरकारी नेटवर्क, धार्मिक संस्थान, टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां और कई छोटे और मध्यम आकार के बिजनेस शामिल हैं. एडवाइजरी में कहा गया है कि घोस्ट ने उन पीड़ितों पर हमला करना शुरू कर दिया, जिनकी इंटरनेट सेवाओं में सॉफ्टवेयर और फर्मवेयर के पुराने वर्जन चल रहे थे. हालांकि अधिकांश रैनसमवेयर हैकर्स फिशिंग मेथड का उपयोग करते हैं, जैसे कि पीड़ितों को फेक मैसेज भेजना, घोस्ट सॉफ्टवेयर में सामान्य कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोड का यूज करता है.

मोदी बोले- जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे:बिहार में कहा- जो चारा खा जाते हैं, वह हालात नहीं बदल सकते; नीतीश लाडले CM



24 न्यूज अपडेट

PM मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में कहा- ये जो जंगलराज वाले हैं, इनको हमारी धरोहर, आस्था से नफरत है। वे महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। जनता इन्हें माफ नहीं करेगी।

पीएम ने कहा कि जिन्होंने पशुओं का चारा खाया वे हालात को बदल नहीं सकते। भाषण की शुरुआत PM ने अंगिका (बिहार की बोली) में लोगों को प्रणाम किया। नीतीश कुमार को लाडला मुख्यमंत्री बताया।

मोदी ने अपने भाषण में 6 बार जंगलराज और 3 बार कांग्रेस का जिक्र कर घेरा। कहा- पहले छोटे किसानों का हक बिचौलिये हड़प लेते थे, लेकिन ये मोदी है, नीतीश जी हैं, जो किसानों का हक किसी को नहीं खाने देंगे।

पीएम ने बिहार के लिए 24 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट लॉन्च किए। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की और DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए करीब 9.8 करोड़ किसानों के खातों में 22 हजार करोड़ रुपए भेजे।

आतिशी बोलीं- CM दफ्तर से भगत सिंह-अंबेडकर की तस्वीरें हटाईं:BJP ने फोटो जारी कर कहा- झूठ बोला जा रहा, दोनों की फोटो हैं



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली सीएम ऑफिस में बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरों पर भाजपा और AAP आमने-सामने आ गई है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया, 'भाजपा के सत्ता में आते ही सीएम ऑफिस से बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें हटा दीं।

इसके कुछ घंटे बाद ही भाजपा ने सीएम ऑफिस की एक तस्वीर जारी की। कहा कि AAP झूठ बोल रही है। सीएम ऑफिस में अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें लगी हैं। बस उनकी जगह बदली गई। इसे लेकर दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान सोमवार को AAP ने हंगामा भी किया।

पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी शहीद भगत सिंह को अपना आदर्श मानती है। अन्ना आंदोलन के वक्त भी शहीद भगत सिंह की तस्वीर को लेकर प्रदर्शन किए। पंजाब में जब 2022 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 16 मार्च 2022 को शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़ कलां में शपथ ली थी। तब से दिल्ली और पंजाब के सीएम ऑफिस में मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे शहीद भगत सिंह और अंबेडकर की फोटो लगाई जाने लगीं। आतिशी ने दोपहर 2:11 बजे आरोप लगाया था। भाजपा ने 2 घंटे (शाम 4 बजे) बाद दिल्ली बीजेपी ने CM रेखा गुप्ता के दफ्तर की नई तस्वीर जारी की। इसमें रेखा गुप्ता की सीट के पीछे वाली दीवार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और महात्मा गांधी की तस्वीर नजर आ रही है। पास वाली दीवार पर बाबा साहेब अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हैं।

पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी:9.8 करोड़ किसानों के खातों में 22 हजार करोड़ ट्रांसफर, तीन किश्तों में मिलते हैं 6 हजार



24 न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी को पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी की। बिहार के भागलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह किश्त जारी की गई। इसके तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर हुई। इससे पहले 18वीं किस्त में 9.6 करोड़ किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। सरकार ने पीएम-किसान के तहत अब तक कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए किसानों में खातों में ट्रांसफर किए हैं। इस योजना के तहत किसानों के खाते में हर साल तीन किश्तों में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है।

कोलकाता में 3 लाश मिली, नसें कटीं, गर्दन पर घाव:पुलिस बोली- पतियों ने खबर दी, हमें इन्हीं पर शक; बचने के लिए अपना एक्सीडेंट करवाया



24 न्यूज अपडेट

कोलकाता में 19 फरवरी को एक ही परिवार की 14 साल की लड़की और दो महिलाओं की लाश मिली। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इनकी हत्या की साजिश की आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि दोनों महिलाओं की नसें कटी हुई थीं और गर्दन पर घाव के गहरे निशान थे। नाबालिग की मौत जहर खाने से हुई थी।

तीनों की मौत पुलिस के लिए मिस्ट्री बनी हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इसे हत्या का मामला बता रही है और उसी आधार पर जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जिस दिन तीनों की लाश मिली, उसी दिन दोनों महिलाओं के पतियों की कार का एक्सीडेंट हुआ। एक्सीडेंट में 3 लोग घायल हुए।

फिलहाल तीनों अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें दोनों मृत महिलाओं के पति प्रणय डे और प्रसून डे शामिल हैं। रिश्ते में दोनों भाई हैं। पुलिस को शक है कि दोनों भाइयों ने ही अपनी पत्नियों का मर्डर किया है। एक्सीडेंट से पहले इन्ही लोगों ने महिलाओं की मौत की जानकारी पुलिस को दी थी।

भारी कर्ज के बावजूद आलीशान जिंदगी जी रहा था परिवार

पुलिस का कहना है कि डे परिवार चमड़े का कारोबार करता है। उस पर भारी कर्ज था। परिवार आर्थिक तंगी के बावजूद आलीशान जिंदगी जी रहा था। हालांकि सवाल ये भी है कि कर्ज होने पर महिलाओं की ही हत्या क्यों। क्या घर के लोगों ने हत्या की या फिर कोई बाहरी भी इसमें शामिल है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है और जल्द ही हर सवाल का जवाब मिलेगा।

दोनों भाई बोले- नींद की गोलियों वाला दलिया खाया था

दोनों भाइयों प्रणय और प्रसून डे ने पुलिस को बताया था कि परिवार ने आत्महत्या की योजना बनाई थी और सभी ने नींद की गोलियों वाला दलिया खाया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाइयों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जाएगी।


तेलंगाना टनल हादसा, अंदर 11km पानी भरा, सिलक्यारा ऑपरेशन टीम भी 8 लोगों के रेस्क्यू में जुटी

24 न्यूज अपडेट

तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इसमें 8 कर्मचारी फंस गए। इन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी, NDRF, SDRF के अलावा राज्य सरकार की अन्य एजेंसी भी जुटी हुई हैं। उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने वाली टीम को भी इसमें शामिल किया गया है। 2023 में सिलक्यारा टनल का एक हिस्सा गिर गया था। 17 दिन बाद 41 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था।

तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि हादसा सुरंग के मुहाने से करीब 13 किलोमीटर दूर हुआ है। रेस्क्यू टीम फंसे हुए लोगों से 100 मीटर दूर है, लेकिन पानी और कीचड़ की वजह से ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। मजदूरों के बचने की संभावना कम है। हमारी कोशिश जारी है।

पिछले हफ्ते 628 अंक गिरा सेंसेक्स



24 न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी को पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी की। बिहार के भागलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह किश्त जारी की गई। इसके तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर हुई। इससे पहले 18वीं किस्त में 9.6 करोड़ किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। सरकार ने पीएम-किसान के तहत अब तक कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए किसानों में खातों में ट्रांसफर किए हैं। इस योजना के तहत किसानों के खाते में हर साल तीन किश्तों में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है।

महाकुंभ में अक्षय कुमार-कैटरीना कैफ ने डुबकी लगाई, रवीना टंडन ने भी स्नान किया



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. प्रयागराज। महाकुंभ का आज 43वां दिन है। मेला खत्म होने में 2 दिन और बचे हैं। आज शाम 4 बजे तक 1.05 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम स्टेशन से लेकर संगम तक भीड़ ज्यादा थी। दोपहर तक भीड़ कम होना शुरू हो गई। 13 जनवरी से अब तक 62.97 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने संगम स्नान किया। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ भी अपनी सास के साथ महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने मां गंगा की पूजा की और डुबकी लगाई। परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का आशीर्वाद भी लिया। कैटरीना ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं इस समय यहां पर आईं। मैं बहुत खुश हूं। ये बहुत ही सुंदर जगह है। एक्ट्रेस रवीना टंडन भी महाकुंभ पहुंची हैं।

संपादकीय : सौहार्द के साथ

भारत-चीन के बीच सीमा विवाद और अन्य मुद्दों पर वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनने के दावे किए जाते हैं, उनमें से कई धरातल पर नहीं दिखते। संबंधों में कभी नरमी तो कभी गरमी बनी रहने बावजूद यह अच्छी बात है कि दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर बैठते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में मुलाकात के बाद दोनों देशों में विभिन्न स्तर पर कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी है। लदाख में सीमा विवाद को लेकर वार्ता का दौर लंबा चला है। वहां कुछ गश्ती इलाकों को लेकर समाधान निकाला जाना अभी भी बाकी है। बहरहाल, यह अच्छी बात है कि दोनों देशों में बातचीत का क्रम हाल के दिनों में कभी टूटा नहीं है । इसी कड़ी में जी-20 सम्मेलन में जब दोनों देशों के विदेशमंत्री अलग से मिले, तो उन्होंने मानसरोवर यात्रा बहाल करने और सीमा विवादों को लेकर उत्साहजनक बातचीत की। हालांकि मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने को लेकर दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के स्तर पर पिछले महीने ही फैसला हो गया था, मगर विदेश मंत्रियों की ताजा बैठक से उसका आधार और मजबूत हुआ है। अब दोनों देशों के संबंधित महकमे इसके विभिन्न पक्षों की तैयारी कर सकेंगे। तल्ख रिश्तों की वजह से करीब पांच वर्ष से कैलास मानसरोवर यात्रा रुकी हुई थी। उम्मीद है कि यह यात्रा शुरू होने से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ कुछ और पिघलेगी। गलवान घाटी में हुए सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद अक्तूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात में बर्फ पिघली । जब दोनों नेता मिले, तो उन्होंने जल्दी ही सीमा विवाद सुलझा लेने की योजना पर बात की। इस तरह लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध कुछ हद तक दूर हो सका और संवेदनशील मसलों पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो सका। मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है। अब उम्मीद बनी है कि आने वाली गर्मियों में यह यात्रा फिर से शुरू हो सकेगी। फिर, जैसा कि चीन भरोसा दिलाता रहा है और पिछले कुछ महीनों में उसने इस पर बल देकर कहा है कि सीमा की पहचान का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा, मानसरोवर यात्रा शुरू होने से उसके वादे पर यकीन कुछ बढ़ेगा। यह अच्छी बात है कि दोनों देश सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत करते रहे हैं। मगर चीन की तरफ से यह साबित करना अभी बाकी है कि सौहार्द की सीमा केवल बातचीत की मेज तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसे धरातल पर भी दिखना चाहिए। चीन अब भी अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते भारत के हिस्से वाले इलाकों में पांव पसारने से बाज नहीं आता। अपने आधिकारिक मानचित्र में बदलाव कर वह भारत के कई क्षेत्रों को अपने हिस्से में दिखा चुका है। उसने कुछ इलाकों में भारत की जमीन पर अपने प्रशासनिक भवन खड़े कर लिए हैं। कुछ विवादित भूखंडों पर पुल आदि का निर्माण कर रहा है। सुरक्षा गश्त को लेकर भी सवाल उठते हैं। अगर चीन सचमुच भारत के साथ अपने रिश्ते सौहार्दपूर्ण बनाए रखना चाहता है, तो उसे व्यावहारिक धरातल पर लचीलापन दिखाना होगा।

सीवर में मौत

दिल्ली के नरेला में शुक्रवार को सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत की घटना से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि इस समस्या पर काबू पाने को लेकर संबंधित सरकारी महकमों के भीतर कोई गंभीरता नहीं है। वरना, क्या वजह है कि इस मसले पर घोषित किए जाने वाले तमाम नियम-कायदों पर अमल को लेकर कभी सख्ती सामने नहीं आई। नतीजतन, आए दिन ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनमें मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर की सफाई के लिए भीतर उतार दिया जाता है और उसमें मौजूद खतरनाक जहरीली गैसों की चपेट में आकर कइयों की जान चली जाती है। नरेला की घटना में सीवर में उतरे मजदूरों को बचाने की कोशिश में एक अन्य मजदूर भी बेहोश हो गया । जब भी इस तरह की घटना होती है तो सरकार जांच और कार्रवाई के साथ-साथ इस तरह काम कराने पर रोक लगाने की बात तो करती है, लेकिन नतीजा फिर ढाक के वही तीन पात होता है। सीवर, नालों और शौचालय की हाथ से या सामान्य तरीके से सफाई पर काफी पहले पाबंदी लगाने की घोषणा हो चुकी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर सख्त निर्देश दिए हैं। मगर जो सरकारें अन्य मामलों में कानूनों को लागू करने में बेहद सक्रिय दिखती हैं, उनमें सीवर या बड़े नालों में मजदूरों को उतार कर सफाई कराने पर पूरी तरह रोक लगाने की इच्छाशक्ति नहीं दिखती। क्या ऐसा इसलिए है कि ऐसी घटनाओं के पीड़ित समाज के सबसे दबे कुचले वर्ग से आते हैं? इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में दुनिया भर में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में रोज नई ऊंचाइयां हासिल करने के दावे हो रहे हैं, उसमें हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर सीवर की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि आज जब सभी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी का दायरा फैल रहा है, ज्यादातर कामों को मशीनों के सहारे किया-कराया जा रहा है, सीवर की सफाई क्यों इंसान से कराई जाती है।

मिड डे मील में आर्थिक संकट:2244 सरकारी स्कूलों में उधारी पर चल रहा भोजन, कुक कम हेल्पर्स को नहीं मिला मानदेय



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर के सरकारी स्कूलों में बजट नहीं मिलने से बच्चों को उधारी की मिड डे मील की थाली परोसी जा रही है। 2 महीने से कुकिंग कन्वर्जन का बजट नहीं मिलने के चलते स्कूलों में मिड डे मील योजना का संचालन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इसके साथ ही मिड डे मील योजना में मील बनाने वाले कुक कम हेल्पर्स को भी पिछले 2 महीने से मानदेय नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें भी घर चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सरकार की ओर से मिड डे मील योजना का संचालन किया जा रहा है। डूंगरपुर जिले के 2 हजार 244 सरकारी स्कूलों में मिड डे मिल योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसमें एक लाख 82 हजार 377 बच्चे योजना का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन डूंगरपुर जिले में 2 महीने से सरकारी स्कूलों में सरकार की ओर से बजट नहीं दिए जाने के चलते मिड डे मील की थाली उधारी में परोसी जा रही है। सरकार की ओर से स्कूलों को नवम्बर और दिसम्बर महीने की कुकिंग कन्वर्जन का बजट नहीं गया है। जिसके चलते मिड डे मील योजना उधारी में चल रही है। मिड डे मील प्रभारियों को भोजन पकाने में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुकानदार भी उधारी का तकाजा कर रहे हैं।

कुक कम हेल्पर्स को भी 2 महीने से नहीं मिला मानदेय

स्कूलों में मिड डे मील योजना में बजट का आवंटन 2 महीने से नहीं हुआ है। वहीं योजना में स्कूलों में मिड डे मील बनाने वाले कुक कम हेल्पर्स को भी 2 महीने से उनका मानदेय नहीं मिला है। जिले में 3 हजार 831 कुक हेल्पर्स को उनका मानदेय नहीं मिला है। जिसकी राशि करीब 1 करोड़ 53 लाख 24 हजार रुपए बताई जा रही है। 2 महीने से मानदेय नहीं मिलने से परेशान कुक कम हेल्पर्स ने बताया कि उन्हें वैसे ही 2000 रुपए प्रतिमाह का अल्प मानदेय मिलता है, लेकिन वह भी समय पर नहीं मिलने से उन्हें घर चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षक संगठन कई बार कर चुके मांग

राष्ट्रीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी ऋषिन चौबीसा ने बताया कि सरकार की ओर से बजट का आवंटन नहीं होने से मिड डे मील योजना के सफल क्रियान्वयन में परेशानी आ रही है। सभी ब्लॉक्स में करीब 5 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। अन्य शिक्षक संगठनों ने विभाग को बजट आवंटन के लिए पत्र लिखे हैं, लेकिन अभी तक बजट आवंटन नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से जल्द बजट आवंटन की मांग रखी है। जब इस मामले में प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में भुगतान नहीं हो पाया है। जल्द बजट आने की उम्मीद है और बजट आते ही भुगतान किया जाएगा।

निगम में मिलीभगत से दे दी थी मांस बिक्री की अनुज्ञा, अब दुकान को किया सीज



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। नगर निगम द्वारा ग़लत दस्तावेज प्रस्तुत कर अनुज्ञा लेने के पश्चात व्यवसाय करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मल्लातलाई क्षेत्र में मांस बिक्री करने वाली दुकान को सीज किया गया। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि कुछ समय पूर्व शहर में एक दुकानदार द्वारा गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर निगम से अनुज्ञा प्राप्त की गई थी। संज्ञान में आने पर इसकी जांच की गई। जांच के दौरान मिट व्यवसाय करने वाले से अनुज्ञा के समय दिए गए दस्तावेजों का पुनः मूल्यांकन किया गया जिसमें दिए गए दस्तावेज वैद्य नहीं पाए गए। जिस पर नगर निगम स्वास्थ्य शाखा ने आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए उसे सीज किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ निरीक्षक राजेश बंधू, वरिष्ठ सहायक शिवराज सिंह चौहान एवं चेतन जैन उपस्थित रहे। अब सवाल यह उठ रहा है कि मांस बिक्री की अनुज्ञा क्या बिना दस्तावेज चेक किए ही दे दी गई थी। किसकी मिलीभगत से यह हुआ था। क्या यह सुविधार सबके लिए थी या कुछ खास के लिए। क्या निगम में यह भी ध्यान नहीं रखा जाता है कि जिस दस्तावेज पर अनुज्ञा जारी करने जैसा महत्वपूर्ण काम किया जा रहा है उसे चेक भी कर लिया जाए। कहीं कॉपी पेस्ट वाला काम तो नहीं चल रहा है। इस मामले में भी अनुज्ञा जारी करने वालों पर ठोस विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए।

13 पथ विक्रेताओं को भेजा नॉन वेंडिंग जोन से वेंडिंग जोन में



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। सेक्टर 4 के आसपास खड़े रहने वाले 13 पथ विक्रेताओं को नॉन वेंडिंग जोन से सेक्टर 4 में ही वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया गया। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि कुछ समय पूर्व शहर में ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित किया गया था जो नॉन वेंडिंग जोन घोषित है लेकिन वहां पर पथ विक्रेता अपना व्यवसाय कर रहे हैं। ऐसे सभी पथ विक्रेताओं को समझाइश द्वारा वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करने की पहल की गई है, जिससे नॉन वेंडिंग जोन में होने वाली समस्याओं को आसानी से दूर किया जा सके। पिछले कई समय से मुख्य मार्गो एवं प्रमुख चौराहों पर पथ विक्रेताओं के कारण सुचारू यातायात संचालन में कई तरह की समस्या हो रही है इसी समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से निगम द्वारा नए वेंडिंग जोन चिन्हित किए गए। सबसे पहले एमबी कॉलेज के पास से 20 पथ विक्रेताओं को स्थानांतरित कर अब धीरे धीरे अन्य पथ विक्रेताओं को भी वेंडिंग जोन स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी ज्योति बाला पंवार, मुकेश कुमार कीर, हेमंत घारू, शहनाज खान आदि उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा में एक हार्डकोर सहित 5 बदमाशों को पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा की प्रताप नगर थाना पुलिस ने चाकूबाजी और मारपीट के एक मामले का खुलासा करते हुए 1 हार्डकोर अपराधी सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाइयों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी के तहत 21 फरवरी को अनिल यादव ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमे बताया कि उसका रेंटल कार का बिजनेस है और भीलवाड़ा कार रेंटल के नाम से उसका ऑफिस है। उसके फर्म के नाम से कुछ लोगों ने एक फेक इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी बना रखी है। इन आईडी के जरिए कस्टमर को रेंट पर कार देने के नाम पर एडवांस पैसा ले लेते हैं और इन्हें कार लेने के लिए मेरे ऑफिस पर भेज दिया जाता है ?। 20 फरवरी को शाम को मेरे ऑफिस पर प्रकाश उर्फ टेनिया और उसके साथी राजू बन्ना, कान सिंह उर्फ कान्हा,महावीर प्रजापत,आर्यन सिंह सहित कुछ लड़के आए और फेक आईडी को लेकर गाली गलौज और झगड़ा करने लग गए। इसी दौरान प्रकाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मेरे पेट में मार दिया और मैं वहीं घायल होकर गिर गया। वहां मौजूद मेरे दोस्तों ने मुझे अस्पताल पहुंचाया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर टीम का गठन किया। इस टीम ने हमले में शामिल आरोपियों की विभिन्न स्थानों पर तलाश की। टेक्निकल डेटा, लोकल पुलिसिंग के बाद इन शामिल आरोपियों को डिटेन किया गया और पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इनसे डिटेल पूछताछ की जा रही है। पकड़ा गया हार्डकोर अपराधी जयप्रकाश उर्फ तानिया के खिलाफ भीलवाड़ा के विभिन्न स्थानों में 21 से ज्यादा मामले दर्ज है और ये पुलिस का वांटेड है।

HBS गैंग बनाकर फैलाई दहशत, पुलिस ने करवाई पैदल परेड:इनामी आरोपी ने हाथ जोड़कर मांगी माफी



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना पुलिस ने हरियाणा पुलिस पर हमला करने के इनामी मुख्य आरोपी गोपाल गुर्जर को गिरफ्तार किया। आरोपी की आज करीब एक किलोमीटर तक पैदल परेड निकाली गई, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस पर हमला कर उनके साथ मारपीट करने के मामले में वांछित चल रहे 10 हजार के इनामी हार्डकोर अपराधी गोपाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी के खिलाफ मांडल थाने के अलावा अन्य थानों में भी मामले दर्ज हैं। साथ ही आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए भी दहशत फैलाने का कार्य किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी एचबीएस नामक गैंग ऑपरेट करता है, जो मादक पदार्थों की तस्करी ओर बजरी माफियाओं को संरक्षण देने का काम भी करती है। इसके खिलाफ पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी कर दी हैं। तीन दिन पहले ही बिना नंबरी स्विफ्ट कार पर जाति के साथ HBS लिखा हुआ था, जिसमें अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए एक युवक को पकड़ा था।

हालांकि पुलिस हिरासत के बाद आरोपी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह दूसरे लोगों से कान पकड़कर अपराध से दूर रहने की अपील करता दिखाई दे रहा है। साथ ही अन्य बदमाशों से अपनी गाड़ियों की नम्बर प्लेट पर HBS नहीं लिखने की अपील भी की।

बता दे कि चुनावी ड्यूटी पर जा रहे हरियाणा प्रदेश की पुलिस के जवान अप्रैल 2024 में भीलवाड़ा बाईपास नेशनल हाईवे 79 पर स्थित होटल पर खाना खाने के लिये रुके थे। इसी दौरान 8-10 व्यक्तियों ने उन पर हमला कर दिया था। पुलिसकर्मी अपनी बस में छिपे तो बस पर पथराव किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था।

ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी की 84 वारदातों का खुलासा, 7 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़: कपासन पुलिस थाना और साइबर सेल की टीम ने ट्रांसफार्मरों से ऑयल चोरी करने की 84 वारदातों का खुलासा किया है. इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों से ऑयल चोरी करते थे. उनसे 2 ड्रिल मशीन, ऑयल भरी 2 जरीकेन, एक कार और बाइक जब्त की गई है.

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में ट्रांसफार्मरों से चोरियों के विरुद्ध कार्रवाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरितासिंह और कपासन के पुलिस उपअधीक्षक हरजीराम यादव के सुपरविजन में कपासन थानाधिकारी रतनसिंह की टीम बनाई गई थी. उनके सहयोग के लिए टीम में साइबर सेल को भी शामिल किया गया था. गत 17 फरवरी को डिस्कॉम के जेइएन अमित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 2 फरवरी को छापरी व 07 फरवरी 2025 को बलारड़ा के खेतों पर लगे टांसफार्मरों से बदमाश ऑयल चोरी करके ले गए. इसलिए आरोपियों को पकड़ा जाए.

बेवफा सनम : लुटेरी दुल्हन बेहोंशी का पानी पिला कर ले उड़ी लाखों



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। बांसवाड़ा जिले में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने सबको हैरान कर दिया। शादी के सिर्फ दो दिन बाद ही नई-नवेली दुल्हन अपने पति और ससुरालवालों को बेहोश कर लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई! कैसे दिया साजिश को अंजाम? सज्जनगढ़ थाना क्षेत्र के राठधनराज गांव में यह दिल दहला देने वाली घटना हुई। 22 फरवरी को 25 वर्षीय लविंद्र सिंह की शादी महाराष्ट्र के नांदेड़ की रहने वाली सुनीता नाम की महिला से हुई थी। यह शादी दलालों के जरिए एग्रीमेंट मैरिज के रूप में हुई, जिसमें परिवार ने करीब 3 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के दो दिन तक सब कुछ ठीक था। लेकिन 24 फरवरी की सुबह जब घर के लोग जागे, तो उनके होश उड़ गए। सुनीता गायब थी, और घर से करीब 1 लाख रुपए के जेवर और नकदी भी लापता थी! घरवालों को क्यों नहीं हुई भनक? सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि परिवार के सभी सदस्य रातभर बेहोश रहे। शक जताया जा रहा है कि दुल्हन ने खाने या किसी पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिला दिया, जिससे पूरी रात कोई जाग नहीं पाया। जब बहन ने किया कॉल, तब खुला राज लविंद्र की बड़ी बहन विद्या ने बताया कि रात 12 बजे तक भाई की पत्नी घर में थी। लेकिन जब सुबह 7 बजे उसने परिजनों को कॉल किया, तो किसी ने फोन नहीं उठाया। घबराहट में जब वह मायके पहुंची, तो देखा कि मां, दो भाई और एक बहन बेहोश पड़े थे! आनन-फानन में सभी को सज्जनगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी होश में आए। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि कौन सा पदार्थ खिलाया गया था। पुलिस जांच में जुटी, दलालों की तलाश जारी सज्जनगढ़ थानाधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दलालों को पकड़ने के लिए एक टीम मध्य प्रदेश रवाना हो गई है। जैसे ही वे पकड़े जाएंगे, पूरा सच सामने आ जाएगा। क्या थी लुटेरी दुल्हन की असली मंशा? ऐसे मामलों में अक्सर गिरोह सक्रिय होते हैं, जो भोले-भाले युवकों को ठगने के लिए नकली शादी कराकर पैसे ऐंठ लेते हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या सुनीता भी किसी बड़े गिरोह का हिस्सा थी?

नेट जीरो' कॉर्बन की ओर बढ़ रही भारतीय रेल : अश्विनी वैष्णव

रेल मंत्रालय और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौते पर हस्तक्षार।
'नेट जीरो' कॉर्बन का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में तेजी से बढ़ रही भारतीय रेल।
रेल मंत्री ने कहा- अब रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स से अधिक से अधिक ऊर्जा प्राप्त करना लक्ष्य।




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः भोपाल में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' में उपस्थित निवेशकों एवं उद्यमियों को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के विद्युतीकरण एवं वैकल्पिक ऊर्जा के प्रयोग के संबंध में रेलवे के विजन को विस्तार से बताया । इन्वेस्टर्स सम्मिट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेरेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने रेलवे को 'नेट जीरो' कॉर्बन का लक्ष्य दिया, जिसे पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय से शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया जाएगा। अब हमारा दूसरा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक ऊर्जा रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स से प्राप्त की जाए। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए रेलवे अब तक 1 हजार 500 मेगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स के साथ टाइअप कर चुका है। आज मध्य प्रदेश के साथ जो 170 मेगा वॉट का यह बड़ा MoU PPA पर समझौता हुआ है, जो रिन्यूएबल एनर्जी कड़ी में महत्वपूर्ण कदम है। हम विंड और न्यूक्लियर पावर एनर्जी भी खरीदने के लिए उत्सुक हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से सभी राज्यों से यह भी निवेदन करूंगा कि आप अपने राज्यों से रिन्यूएबल, विंड, हाईड्रो या न्यूक्लियर के प्रोजेक्ट से जितनी भी एनर्जी रेलवे को सप्लाई कर सकते हैं, आपका स्वागत है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय के कामकाज को लेकर कहा कि जिस मॉडल पर रेलवे और मध्य प्रदेश काम कर रहे हैं, इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार और रेलवे मंत्रालय दोनों मिलकर एक अंडरस्टैन्डिंग पर पहुंचते हैं और उसके बाद में मध्य प्रदेश के जनरेटर और रेलवे एक PPA साइन करते हैं। इस मॉडल को देश में अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है।

रेल मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश को रेलवे के लिए शानदार 14,745 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। इतिहास में पहली बार मध्य प्रदेश को इतना बजट मिला है। जहां 2014 से पहले मध्य प्रदेश में प्रति वर्ष करीब 29 km रेलवे ट्रैक बिछाया जाता था। वहीं अब 230km हर साल हो रहा है। यानी काम की गति 7.5 गुना बढ़ी और फंड 23 गुना बढ़े हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शानदार काम कर रहे हैं। वह लगातार अधिकारियों से बातचीत कर प्रदेश में रेलवे के विकास कार्यों को बढ़ाने में मदद दे रहे हैं।

देश का सबसे बड़ा बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर लगभग तैयार:कैंसर रोगियों के लिए लाइफलाइन, जयपुर में हर महीने हो सकेगा 50 मरीजों का इलाज



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में बन रहा देश का सबसे बड़ा बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर जुलाई-अगस्त तक शुरू हो जाएगा। 50 बेड वाला यह सेंटर स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में बनकर तैयार हो रहा है। यहां कैंसर मरीजों के लिए बेहद जरूरी बोनमैरो ट्रांसप्लांट मुफ्त में हो सकेगा।

हालांकि अभी एसएमएस (सवाई मानसिंह) हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट हो रहा है। केवल 2 बेड की व्यवस्था है, जहां एक साल से भी लंबी वेटिंग है। ऐसे में कई मरीज तो इंतजार में ही दम तोड़ देते हैं। कई मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में 40 लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। अब तक 15 साल में यहां केवल 150 ट्रांसप्लांट हुए हैं, इसके चालू होने के बाद एक साल में 500 मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट हो सकेगा।

इस सेंटर को लेकर क्या तैयारियां चल रही हैं?

अभी साल-साल तक की वेटिंग, कई मरीजों की मौत तक हो जाती है कैंसर रोगियों के लिए बोनमैरो ट्रांसप्लांट एक अहम इलाज है। कैंसर के कारण मरीज को कीमोथेरेपी या रेडिएशन थेरेपी से गुजरना पड़ता है। इस दौरान मरीज के शरीर में कैंसर सेल्स तो खत्म होती हैं, लेकिन साथ-साथ स्टेम सेल्स भी खत्म हो जाती हैं। ये स्टेम सेल्स शरीर की हड्डियों में मौजूद बोनमैरो से बनती हैं। ऐसे में कीमोथेरेपी पूरी होने के बाद स्वस्थ स्टेम सेल्स को व्यक्ति के शरीर में ट्रांसप्लांट किया जाता है। इसे बोनमैरो ट्रांसप्लांट या स्टेम सेल्स ट्रांसप्लांट कहा जाता है। साल में करीब दो लाख औसत कैंसर के मरीज सामने आते हैं। इनमें बीस से पच्चीस फीसदी मरीज ब्लड कैंसर के होते हैं। इनमें दस से 15 फीसदी मरीज ऐसे होते हैं, जिन्हें ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में केवल एसएमएस में ही बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा है। ऐसे में मरीज को प्राइवेट सेंटर पर जाना पड़ता है। कई मरीजों की तो इंतजार में मौत तक हो जाती है।

पुष्कर के पास मस्जिद निर्माण को लेकर रोष, थाने का घेराव



24 न्यूज अपडेट

अजमेरः जिले में पुष्कर के निकट गनाहेड़ा गांव की पोखरों की ढाणी में अवैध रूप से मज्जिद निर्माण को लेकर ग्रामीणों में रोष फैल गया. ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया. इसके बाद उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी व्यक्ति ढाणी में अवैध निर्माण करवाना चाहते हैं. गनहेड़ा क्षेत्र में पहले कोई मज्जिद नहीं थी और ना ही अब बनने देंगे. बाहरी लोग गांव में अशांति फैलाना चाहते हैं.

जिला परिषद के पूर्व सदस्य माणक सिंह रावत ने बताया कि धार्मिक नगरी पुष्कर से गनाहेड़ा महज दो किलोमीटर है. पंचायत का एक भाग पोखरों की ढाणी है. पुष्कर के आसपास कपड़ा फैक्ट्री में बाहर से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग काम करते हैं. पांच वर्ष पहले फैक्ट्री में काम करने वाले कुछ लोगों ने मस्जिद का अवैध निर्माण करवाया, तब भी ग्रामीणों ने विरोध जताया था और अवैध निर्माण रुकवाया. उसी जगह दोबारा से अवैध निर्माण किया जाने लगा है. रावत ने बताया कि बाहरी लोग पंचायत से कह रहे हैं कि नमाज के लिए मस्जिद बनाने की जगह दीजिए. पंचायत का भी कहना है कि गनाहेड़ा में ना पहले कभी नमाज पढ़ी गई और ना ही पढ़ने दी जाएगी.

कोटा में जाम में फंसे 3-साल के बच्चे की मौत:मां-बाप रास्ता देने के लिए पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते रहे, हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे



24 न्यूज अपडेट

कोटा में ट्रैफिक जाम में फंसने से 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा बीमार था। माता-पिता उसे हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे। नेशनल हाईवे-52 पर रामगंजमंडी-कोटा मार्ग के दरा नाला के सिंगल लेन पर जाम लगा था।

माता-पिता रास्ता देने के लिए पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते रहे। करीब 3 घंटे तक जाम में फंसे रहने के कारण बच्चे ने दम तोड़ दिया। चेचट भटवाड़ा (रामगंजमंडी) निवासी पप्पू लाल ने बताया- बेटे हरिओम (3) को सर्दी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी।

रविवार रात 9 बजे उसे चेचट सरकारी हॉस्पिटल लेकर गए। बच्चे की गंभीर हालत के कारण सोमवार सुबह 7 बजे उसे कोटा रेफर कर दिया गया।

बच्चे के शरीर में नहीं थी हलचल

पिता पप्पू लाल ने बताया- चेचट से सुबह करीब 7:30 बजे ऑल्टो कार से दरा नाला पहुंचे, जहां रेलवे अंडरपास पर जाम लगा हुआ था। अमझार पुलिया और सुंदरपुरा चौक के बीच करीब 3 घंटे तक जाम में फंसे रहे। पुलिस से भी मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

बच्चे के शरीर में हलचल नहीं थी। जाम से निकलने के बाद कोटा ले जाने से पहले मंडाना हॉस्पिटल में चेकअप के लिए लेकर गए। वहां दोपहर 12:30 बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्चे की मौत के मामले की करेंगे जांच

रामगंजमंडी डीएसपी घनश्याम मीना ने बताया- दरा नाल में जाम की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। बच्चे की मौत के मामले की जांच की जाएगी। जाम न लगे, इसके लिए पुलिस के 25 जवान तैनात किए गए हैं। एम्बुलेंस को प्राथमिकता देकर निकाला जा रहा है।

जोधपुर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय की छात्रा ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर : कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन जोधपुर स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय में पहली बार एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. इस घटना के बाद पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है. रविवार शाम को करवड़ थाना क्षेत्र स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय में BAMS प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान कपूर ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली. छात्रा उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी.

करवड़ थाना अधिकारी लेखराज सियाग ने बताया कि छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है. उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन से रविवार शाम को हॉस्टल में आत्महत्या की जानकारी मिली थी. मौके पर पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. उन्होंने बताया कि रविवार शाम को जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो अन्य छात्राओं को शक हुआ. उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा तो मुस्कान का मृत अवस्था में थी. इसके बाद तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई. करवड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया.

इंदिरा गांधी पर टिप्पणी, जयपुर में कांग्रेसी पुलिस से भिड़े:वाटर कैनन के दौरान सड़क पर गिरे; कई कार्यकर्ता पुलिस हिरासत में



24 न्यूज अपडेट

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई विवादित टिप्पणी और 6 विधायकों के निलंबन के विरोध में आज जयपुर में तनावपूर्ण स्थिति रही। विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई।

22 गोदाम सर्किल पर पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर मार्च को रोक दिया। बैरिकेडिंग के बीच बने मंच से कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भीड़ को उग्र होता देख पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग से खदेड़ा और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। फिलहाल प्रदर्शन खत्म हो गया है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

ई-मित्र संचालक ने सुसाइड का लाइव वीडियो बनाकर दी जान:हाथों से इशारा करते हुए कहा-मैं जा रहा हूं, लव अफेयर की वजह से की आत्महत्या



24 न्यूज अपडेट

बाड़मेर में एक ई-मित्र संचालक ने सुसाइड का लाइव वीडियो बनाकर जान दे दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक प्रवीण कुमार (26) ने लव अफेयर में आत्महत्या की है।

मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में रात करीब 10 बजे की है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन प्रवीण को लेकर शहर के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव किया सुसाइड का वीडियो

एएसपी जसाराम बोस ने बताया-प्रवीण की शहर में ही गडरारोड सर्किल पर मोबाइल की दुकान है। इसके साथ वह ई-मित्र सेंटर भी चलाता है और पढ़ाई भी करता है। उसके घर की छत पर एक कमरा बना हुआ है। शाम को वह अपने कमरे में चला गया था।

रात करीब 10 बजे तक जब वह कमरे से नहीं निकला तो घरवाले छत पर गए। यहां खिड़की से देखा तो प्रवीण फंदे से लटका हुआ था। जहां प्रवीण ने सुसाइड किया उसी के सामने उसका मोबाइल पड़ा था, जिस पर लाइव चल रहा था।

परिजन फंदे से उतार उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन जब तक उसकी जान जा चुकी थी। कोतवाली बलभद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रेम प्रसंग का मामला था। इसकी वजह से उसने जान दी है।

जगदीश में फाग गीतों की मची है धूम, उड़ रहे अबीर-गुलाल, भाव विभोर होकर झूम रहे श्रद्धालु







24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के जगदीश मंदिर में इन दिनों फाग महोत्सव की धूम मची हुई है। होली के गीतों में भक्ति भाव का इतना रस बरस रहा है कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु ढोल और चंग की थाप पर थिरकता नजर आ रहा है। भक्तों फूलों और अबीर-गुलाल की बारिश हो रही है। माहौल ऐसा है कि सब प्रभु भक्ति के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। सुबह महिला व पुरूष की भक्त मंडली होली के गीतों को ताल और लय के साथ सुर देती है तो समां बंध जाता है। यह सिलसिला शाम तक चलता रहता है। भक्तजन गीतों का रसपान करने और अपने प्रिय प्रभु भगवान जगदीश के दर्शन करने खिंचे चले आते हैं। आज विजिया एकादशी पर भी गीतों के खूब ठाठ रहे।

झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी, विशेष अभियान



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर जिले में झोलाछापों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान की शुरुआत की तैयारी कर दी है। स्वास्थ्य विभाग अब पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अवैध प्रैक्टिस करने वालों और झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करेगा। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है। आकंड़े जुटाकर टीम के साथ कारवाई करेगा विभाग ! झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई करने की कड़ी में सलूंबर के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी महेंद्र परमार ने जिले के सभी ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी को चिट्ठी लिखकर निर्देशित किया है। सीएमएचओ के अनुसार जिले में संचालित हॉस्पिटल और क्लीनिक की जानकारी मांगी गई है। क्लीनिक एक्ट जिले में कितने क्लीनिक और हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी दिनों में अलग-अलग टीम बनाकर कारवाई की जाएगी। अभियान का मकसद झोलाछापों की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। सीएमएचओ परमार ने बताया कि झोलाछाप के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि झोलाछाप जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। झोलाछाप की अवैध प्रैक्टिस न केवल लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि इससे चिकित्सा क्षेत्र की साख भी खराब होती है। इस अभियान के तहत उन सभी जगहों पर छापेमारी की जाएगी जहां झोलाछाप बिना लाइसेंस और उचित योग्यता के मेडिकल प्रैक्टिस कर रहे हैं। मरीजों को भी जागरूक किया जाएगा कि वे सिर्फ मान्यता प्राप्त डॉक्टरों से ही इलाज कराएं।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला सलूम्बर की बैठक



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. सलूंबर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला सलूम्बर की बैठक तनेश्वर महादेव मंदिर परिसर प्रसाद में आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता जिला सभाध्यक्ष देवी लाल मेहता ने की मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह सारँगदेव संभाग संगठन मंत्री रहे विशिष्ठ अतिथि कन्हैया लाल सेवक जिला कोषाध्यक्ष ,देवीलाल पटेल विभाग संगठन मंत्री ,,गणेश लाल देवड़ा ,करण सिंह राणावत मोहन सिंह राणावत ,प्रेम शंकर चौबीसा हीरा लाल कलाल भवर लाल सुथार रमाकांत सकरावत रहे ,,उक्त बैठक में संकुल रचना ,सामाजिक समरसता दिवस, नव वर्ष प्रतिपदा व उपशाखा बैठक संबंधित एवं अन्य शैक्षिक समस्याओ पर चर्चा की गई लक्षमण लाल मीणा झल्लारा अध्यक्ष व रमाकांत सकरावत सलूम्बर सभाध्यक्ष का क्रमश नाना भाई खांट व अटल रत्न से सम्मानित होने कारण इनका जिला बैठक में सम्मान किया गया उक्त बैठक में सराड़ा उपशाखा का विशेष सहयोग रहा उक्त बैठक में छह उप शाखा एवं जिला कार्य कारिणी के 75 लोगो ने भाग लिया इस अवसर पर मांगी लाल मीणा रमेश चंद्र मीणा धन राज चौधरी,पीयूष चौबीसा बैठक का संचालन कमल कुमार आमेटा जिला मंत्री ने किया उक्त सूचना पीयूष चौबीसा ने दी।

निम्बाहेड़ा में 4 करोड़ से अधिक के 28 विकास कार्यों के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन - जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र निम्बाहेड़ा में 4 करोड़ 55 लाख के 28 विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को पत्रावली भेजी गयी है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत कार्य प्रारंभ किये जाएंगे। साथ ही एक करोड़ 85 लाख के 10 कार्यों के प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि निम्बाहेड़ा में टाडा-माडा में सम्मिलित विद्युत कनेक्शन से वंचित गांवों को कुसुम योजना के अंतर्गत शीघ्र जोड़ा जायेगा। इससे पहले विधायक श्री श्रीचंद कृपलानी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र निम्बारहेड़ा मे विगत चार वर्षों में 652.15 लाख रुपए के 65 कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। इनमें 53 कार्य पूर्ण, 9 कार्य प्रगतिरत एवं 3 कार्यो के टेण्डर प्रक्रियाधीन है। इन कार्यों पर 597.60 लाख रुपए का व्यय हुआ है। इसके अतिरिक्त 37.50 लाख रुपए के 5 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है। उन्होंने इन कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखा। खराड़ी ने बताया कि निम्बांहेडा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति छोटी सादड़ी के समस्त गांव अनुसूचित क्षेत्र के अन्तर्गत सम्मिलित है। उन्होंने निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति निम्बाहेडा में बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांवों की सूची सदन के पटल पर रखी। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने कहा कि निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में टाडा-माडा योजना में सम्मिलित गांवों के विकास हेतु नवीन कार्य उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त होने पर कार्यों की आवश्यकता, उपादेयता एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्य स्वीकृत करने पर विचार किया जा सकेगा।

साइकिल वितरण समारोह, साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 24 फरवरी। राज्य सरकार द्वारा छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमलपुरा की कक्षा 8 में अध्ययनरत 31 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह की लहर देखी गई। यह योजना छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जो न केवल उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करेगी बल्कि विद्यालय आने-जाने में सहूलियत भी प्रदान करेगी।

समारोह में जिला परिषद सदस्य रामेश्वर लाल धाकड़ ने कहा कि यह योजना छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी और उनके विद्यालय आने-जाने में आसानी होगी। उन्होंने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य डॉक्टर शारदा शर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई दी और उन्हें निरंतर शिक्षा की दिशा में प्रयासरत रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस तरह की योजनाएं शिक्षा में प्रेरणा और मेहनत को बढ़ावा देती हैं, जिससे छात्र अपनी शिक्षा में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। नव-पदोन्नति प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश विजयवर्गीय ने इस योजना के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह योजना छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और विशेष रूप से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत प्रदान करने के लिए है।

समारोह में SDMC सदस्य हस्तीमल धाकड़, मुकेश तेली, भेरूलाल जटिया, व्याख्याता निशा शर्मा, पिंकी मीणा, राजू मीणा, शीतल पुरोहित, मीना भूतड़ा, रीना कुमावत, आशा, मनिका शर्मा, सीता, मंजू खोईवाल, सोनाली शर्मा, विकास गौड़, शारीरिक शिक्षक सुनील सेठिया, अनुराधा, रतनी देवी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

एकलिंग जी में महाशिवरात्रि पर ये रहेगी व्यवस्था

कार्यक्रम	समय व विवरण
पूजा प्रारंभ	26 फरवरी, बुधवार रात 10:00 बजे
चार प्रहर की पूजा	रात 10:00 बजे से 27 फरवरी दोपहर 12:00 बजे तक
विशेष श्रृंगार	प्रत्येक प्रहर में विशेष श्रृंगार किया जाएगा
पंचामृत अभिषेक	दूध, दही, घी, शहद, शक्कर (प्रत्येक प्रहर में 9.25 किलो)
रुद्रीपाठ	प्रत्येक प्रहर में 13 बार, कुल 52 बार
रुद्राभिषेक	कुल 52 रुद्राभिषेक संपन्न होंगे
बैंड संगीत	चारों प्रहर तक पैलेस बैंड बजता रहेगा
दर्शन का समय	26 फरवरी रात 10 बजे से 27 फरवरी दोपहर 12 बजे तक
त्रिकाल पूजा	27 फरवरी सुबह 11:30 बजे से शुरू
सामान्य दर्शन	27 फरवरी रात 8:00 बजे तक खुले रहेंगे

''पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण'' आयोजित



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 24 फ़रवरी। ''पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण'' चित्तौड़गढ़ जिले में ब्लॉक स्तर पर चित्तौड़गढ़ ग्रामीण एवं चित्तौड़गढ़ शहर परियोजना की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण सोमवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सीताफल उत्कृष्टता केंद्र निंबाहेड़ा रोड एवं आत्मा परियोजना के प्रशिक्षण हॉल में ''पोषण भी एवं पढ़ाई भी'' विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण के साथ पढ़ाई की गतिविधियां किस प्रकार करवाई जाए पर प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती रुचि भूकल एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी चित्तौड़गढ़ ग्रामीण मनीष मेघवाल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रशिक्षकों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शाला पूर्व शिक्षा विषय पर प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में समता भटनागर जिला समन्वयक पोषण अभियान, महिला पर्यवेक्षक गायत्री जूनीवाल, राजेश्वरी वर्मा, चंदा नूवाल, रेखा वर्मा, संपत शर्मा, किरण शर्मा, कांता सुखवाल एवं ब्लॉक समन्वयक शीला चौधरी, माया सालवी, नारायण सालवी उपस्थित रहे।

उदयपुर रोडवेज बस स्टैंड को हाईटेक बस टर्मिनल बनाने की तैयारी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर का 44 साल पुराना उदियापोल रोडवेज बस स्टैंड हाईटेक बस टर्मिनल में बदलने जा रहा है। राजस्थान पथ परिवहन निगम इसे एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस करने की योजना बना रहा है। ऑटोमेटिक टिकटिंग, वेटिंग लाउंज, सेंट्रलाइज्ड कूलिंग, आधुनिक शौचालय, फूड कोर्ट, कैफेटेरिया, सुपर मार्केट और गेम ज़ोन जैसी सुविधाएं होंगी। बस स्टैंड की ज़मीन बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर याने कि बीओटी मॉडल पर निजी कंपनी को दी जाएगी, जो इसे डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगी। परियोजना का सर्वेक्षण पीडीकोर कंपनी कर रही है, जिसने डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। सर्वेक्षण पूरा होते ही निगम टेंडर जारी करेगा। बस स्टैंड 1.11 लाख वर्गफीट क्षेत्र में फैला है। इसका आधा हिस्सा बस संचालन के लिए रहेगा, जबकि शेष क्षेत्र में दुकानें, मॉल, कैफेटेरिया और पार्किंग विकसित की जाएगी। उदयपुर रोडवेज डिपो से 300 बसों का संचालन होता है, जिनमें से 82 सीधी बसें मध्यप्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश के लिए जाती हैं। यहां से रोज़ाना 14 हजार यात्री यात्रा करते हैं। सर्वेक्षण दो महीने में पूरा होगा, जिसके बाद अनुमानित लागत तय कर निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उदयपुर का नया हाईटेक बस टर्मिनल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगा और शहर की छवि को और अधिक निखारेगा।

उदयपुर में बाइक चोरी की बढ़ी घटना:युवक बोला- दोस्तों के साथ खाना खाने गया था, डेयरी बूथ से बाइक चोरी हो गई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में बाइक चोरी की घटना लगातार हो रही हैं। शहर के अंबामाता थाना क्षेत्र में सुखाड़िया सर्कल चौराहा से रविवार रात एक बाइक चोरी हो गई। दिलीप डांगी ने बताया कि चौराहे पर उनका सांवरिया मिल्क पार्लर एंड आइसक्रीम बूथ है। वे रोज अपनी बाइक (RJ 27 SC 0346) बूथ के आगे ही पार्क करते है। रविवार रात करीब 10 बजे वे बूथ बंद करके दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए गए थे। उनकी बाइक बूथ के सामने ही खड़ी थी। वापस करीब 11:30 बजे जब वे अपनी बाइक लेने के लिए आए। तो बाइक गायब मिली। उन्होंने इधर-उधर तलाश की लेकिन बाइक नहीं मिली। उन्होंने इस संबंध में अंबामाता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

खेरवाड़ा, ऋषभदेव, खेमली में 10 दिन में 4 बाइक चोरी

खेरवाड़ा में 10 दिन में 2 बाइक चोरी हो चुकी हैं। 10 फरवरी को दिनदहाड़े जैन फुटवियर की दुकान के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात बदमाश चुरा ले गए थे। वहीं, 20 फरवरी को सदर बाजार के बाहर प्रार्थी हेमंत कोठारी की बाइक उनके घर के बाहर से चोरी हो गई। प्रार्थी ने एक सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिया था, जिसमें 2 बदमाश बाइक चुराते नजर आ रहे हैं।

इसी तरह ऋषभदेव थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित होली चौक में दिनदहाड़े दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। इसके अलावा 21 फरवरी को ही डबोक थाना क्षेत्र के खेमली स्टेशन से प्रार्थी डालचंद की बाइक चोरी हो गई थी। इनमें से अभी तक कोई बाइक नहीं मिली है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।